भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 28.05.2025

## महाप्रबंधक ने किया नवनिर्मित शेल स्टोर का उद्घाटन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 28.05.2025 को नवनिर्मित शेल स्टोर का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।

आरेडिका को 1000 कोच निर्माण की क्षमता हेतु स्थापित किया गया था। लेकिन निर्माण क्षमता में आरेडिका लगातार वृद्धि कर रहा है, अतः उत्पादन को गति देने के लिए अवसंरचना में विस्तार करना भी आवश्यक होता है। जिससे कोच निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री का उचित रख–रखाव हो सके। शेल डिपो की सामग्री भण्डारण हेतु लम्बे समय से एक अतिरिक्त 4000 स्क्वायर मीटर के शेल स्टोर की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इसलिए अभियांत्रिकी विभाग एवं स्टोर विभाग के सहयोग से नये शेल स्टोर का निर्माण कार्य किया गया है।

महाप्रबंधक महोदय ने बताया कि यह अवसंरचना विस्तार हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके निर्माण से रेल डिब्बा के उत्पादन में वृद्धि होगी एवं अतिरिक्त सामग्री प्रबंधन में मदद मिलेगी। इसके साथ ही महाप्रबंधक महोदय ने इसके आस– पास के क्षेत्र को भी विकसित कर स्टोर विभाग को देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल ने बताया कि नवनिर्मित शेल स्टोर के निर्माण से स्टोर विभाग को सामग्री के भण्डारण में मदद मिलेगी, जिससे बोगी एवं शेल की बडे आकार की वस्तुओं का सुरक्षित रखरखाव हो सकेगा। महाप्रबंधक महोदय ने अभियांत्रिकी विभाग एवं स्टोर विभाग को इस कार्य के लिए नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, सीएओ अतुल प्रियदर्शी, प्रधान वित्त सलाहकार श्री बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिन्दल, प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव, पीसीएससी रमेश चन्द्र एवं स्टोर विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

(अनिल कुमार श्रीवास्तव )
जन संपर्क अधिकारी